Breaking News अयोध्या विवादः अयोध्या मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी, नई बेंच का होगा ग
HOMESTATE

छत्तीसगढ़ समाचार : SRP कल्लूरी की नियुक्ति को लेकर स्वामी अग्निवेश ने कही ये बड़ी बात

टीम डिजिटल/हरिभूमि, रायपुर | UPDATED Jan 9 2019 12:04AM IST

रायपुर। स्वामी अग्निवेश ने भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ के सीएम बनने और उनके फैसलों को लेकर तारीफ की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एसआरपी कल्लूरी को आईजी बनाए जाने को लेकर सवाल उठाए। अग्निवेश ने कहा कि एसआरपी कल्लूरी जैसे एक बदनाम और अपराधी किस्म के पुलिस अफसर को फिर से प्रतिष्ठा देकर जो नियुक्ति की है ,उससे मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत दुख हुआ।

क्योंकि बस्तर सुकमा से आगे डोलना पार में मेरे ऊपर जानलेवा हमला कराने के पीछे सबसे बड़ा हाथ एसआरपी कल्लूरी का था। मैंने इसकी शिकायत की तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन

सिंह जी से की थी। जिसके बाद उन्होंने उसी रात 26 जुलाई 2011 को उनका ट्रांसफर सरगुजा किया। लेकिन बाद में दंतेवाड़ा के एसएसपी के बदले उन्हें पूरे बस्तर के पांचों जिलों का आईजी बना कर अत्याचार और अनाचार के लिए खुला छोड़ दिया। अग्निवेश ने कहा कि यदि कल्लूरी को वहां से हटा दिया जाता तो ,आज भारतीय जनता पार्टी की जो हालत पूरे बस्तर में बनी आदिवासियों में शायद इतनी बुरी ना बनती।

नान घोटाले में सरकार ने IG कल्लूरी को दिया जांच का जिम्मा, ये 12 सदस्यीय SIT गठित

लेकिन मुझे आश्चर्य हो और दुख हो रहा है कि भूपेश बघेल जी ने अचानक यह कैसे निर्णय ले लिया, क्योंकि वह स्वयं पहले कल्लूरी के खिलाफ बहुत तीखे बयान दे चुके हैं। आज तो मौका था कि उसके ऊपर सख़्ती से जांच करवाते और उसकी जगह जेल में होती। बजाए उसके उन्होंने उसे प्रतिष्ठित पद पर बैठा दिया। यह काम और कोई व्यक्ति भी कर सकता था। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि सीएम अपना फैसला वापस लेंगे और छत्तीसगढ़ के वातावरण को बिगड़ने से बचाएंगे। अग्निवेश ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो मैं दिल्ली में राहुल गांधी से भी मिलकर यह मुद्दा उठाऊंगा।